देश का विश्वसनीय अखबार

# दैनिक भास्कर

नोएडा | वर्ष- 15, अंक-263 | बुधवार, 12 मार्च 2025 | कुल पृष्ठ 22 | मूल्य 6.00 रुपये

वेब संस्करण

झांसी, नोएडा, लखनऊ और देहरादून से प्रकाशित

# एशिया के सबसे बड़े साहित्य उत्सव में वरिष्ठ साहित्यकार डॉ.विवेक गौतम ने किया काव्यपाठ



**भास्कर समाचार सेवा**

नई दिल्ली। साहित्य अकादेमी,संस्कृति मंत्रालय,भारत सरकार के तत्वावधान में एशिया के सबसे बड़े साहित्यिक समारोह में कावेरी सभागार में बहुभाषी कविता पाठ में प्रतिष्ठित कवि एवं शिक्षाविद् डॉ.विवेक गौतम ने हिंदी कवि के रूप में अपनी जब दीवारें लिखती हैं, छत, गाँव नहीं दौड़े थे तथा संपन्नता जैसी सशक्त और प्रभावशाली कविताओं का पाठ किया। इस भव्य समारोह की अध्यक्षता सुप्रसिद्ध तेलुगू कवि एवं वरिष्ठ साहित्यकार ए.कृष्ण राव ने की। इस अवसर पर कन्नड़, नेपाली, उड़िया, उर्दू एवं हिंदी के दो अन्य कवियों ने भी कविता पाठ किया। समारोह में सुप्रसिद्ध साहित्यकार ज्योतिष जोशी, विभा बिष्ट, उषा कुमारी,अभय जैन, राजू बोहरा, प्रेम मिश्र अनेक प्रतिष्ठित व्यक्तित्व उपस्थित थे।